SREE VIDYANIKETHAN International School

SUMMER HOLIDAYS HOME WORK

CLASS : 7th

SUB : HINDI 2nd La nguage

I . निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

“ हाँ , यह कहना काफ़ी हद तक सही होगा । यों , तो एनीमिया बहुत से कारणों से हो सकता है , किंतु हमारे देश में इसका सबसे बड़ा कारण पौष्टिक आहार की कमी है । इसके अलावा इस रोग का एक और बड़ा कारण है पेट में कीड़ों का हो जाना । ये कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं । अतः इन से बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम पूरी सफ़ाई से बनाए गए खाद्य पदार्थ ग्रहण करें । भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धो लें और साफ़ पानी ही पीएँ । और हाँ , अनिल एक किस्म के कीड़े भी हैं , जिनके अंडे जमीन की ऊपरी सतह में पाए जाते हैं । इन अंडों से उत्पन्न हुए लार्वे त्वचा के रास्ते शरीर में प्रवेश कर आँतों में अपना घर बना लेते हैं । इन से बचने का सहज उपाय है कि सौच के लिए हम शौचालय का ही प्रयोग करें और इधर - उधर नंगे पैर न घूमें । ”

प्रश्न :-1. उपर्युक्त गद्यांश के लिए समुचित शीर्षक लिखिए ।
2 . भारत देश में एनीमिया रोग आने का सबसे बड़ा कारण क्या है ?
3 . दूषित जल और खाद्य पदर्थों द्वारा हमारे शरीर में क्या प्रवेश करते हैं ।
4 . भोजन करने से पहले हम क्या करना चाहिए ?
5 . हम कैसा जल पीना चाहिए ?

II . निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए ।

1 पुस्तक + आलय =	2. राम + अवतार =	3 पर + उपकार =
4. गण + ईश =	5.गुरु + उपदेश =	6. महा + आत्मा =

III . अपने जन्म दिवस का वर्णन करते हुए, मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

IV . किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए ।

1. राष्ट्रीय दिवस 2. स्वच्छ - भारत 3. मेरा प्रिय खेल